## प्रथम राज्य स्तरीय महिला पुलिस सम्मेलन में अवसर, चुनौती, भविष्य की रणनीति, महिला सुरक्षा को लेकर चर्चा

# ट्रैफिक ड्यूटी करने वालों को मिले एक दिन की छुट्टी

खबर मन्त्र ब्यूरो



रांची। शौर्य सभागार जैप-01 में आयोजित दो दिवसीय प्रथम राज्य स्तरीय महिला पुलिस सम्मेलन 2024 का शनिवार को समापन हो गया। सम्मेलन के दूसरे दिन महिला पुलिस कर्मियों के अवसर, चुनौती एवं भविष्य की रणनीति, महिला सुरक्षा में उनकी भूमिका को सशक्त करना, कार्यस्थल पर लैंगिक समानता एवं पुलिस बल में महिला नेतृत्व को प्रोत्साहन देने आदि बिन्दुओं पर परिचर्चा की गयी। इसमें रंजना अस्थाना सदस्य सचिव, झालसा, डॉ अनुराधा वत्स, एनजीओ, दीपशिखा, डॉ वंदिता, डॉ अनामिका पूर्णिमा महतो, अन्तरराष्ट्रीय तीरंदाज एंव कोच रश्मि लकड़ा, मुखिया, दुधिया, भरणो, गुमला और ज्योति सोरेन ने अपने अपने विचार रखे।

**पैनल डिस्कशन में महत्वपूर्ण मुद्दों पर हुई चर्चा :** शनिवार को पैनल डिस्कशन का आयोजन किया गया। प्रतिभागियों ने छह मुद्दों पर प्रत्येक समूह द्वारा दिये गये सुझावों का अध्ययन, समीक्षा एवं अंतिम प्रस्तुतीकरण पर डिस्कशन किया। पैनल डिस्कशन में कई सुझाव मांगे गये और मांगें रखी गयी। इनमें ट्रैफिक ड्यूटी करने वालों के लिए सप्ताह में एक दिन की छुट्टी, जिलों में कई वर्षों से रह रहे कर्मियों का ससमय स्थानान्तरण, विधि-व्यवस्था ड्यूटी में जाने-आने की सुविधा, छापामारी के दौरान कम से कम चार महिला एवं पुरूषों के शामिल होने, महिला थाना में पुरुषकर्मी की पदस्थापना, महिला पुलिसकर्मियों का जब दूसरे जिला में स्थानान्तरण हो, तब उस जिले में बच्चों के स्कूल एवं कॉलेज में सत्र के बीच में नामांकन की सुविधा, भाषा की जानकारी रखने वाले पुलिसकर्मियों की प्रतिनियुक्ति,प्रत्येक माह मेडिकल चेकअप, कार्य अवधि के दौरान विशेष परिस्थिति में 4 से 5 घंटे की इमरजेंसी लीव मिलने, स्वास्थ्य को देखते हुए ड्यूटी लंबे समय तक न लगाई जाये, विशेष अवकाश का पूर्ण लाभ, अवकाश हेतु ऑनलाईन सुविधा मिलने, समय पर यात्रा मिलने, गर्भवती महिलाओं को सुविधा प्रदान करने, प्रशिक्षण संस्थान में प्रेगनेंट महिलाओं के लिए अलग से सुविधा प्रदान करना,गर्भवती महिलाओं को केवल इंडोर प्रशिक्षण देने, अलग से ड्रेस कोड की मांग की गयी।

**समान अवसर नीति को लेकर हुई चर्चा :** पैनल डिस्कशन में समान अवसर नीति पर चर्चा की गयी। कहा गया कि आरक्षी से लेकर डीएसपी तक महिलाओं की हिस्सेदारी 33% तक हो. झारखंड राज्य में डीएसपी स्तर के पदाधिकारियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए वरीय पदाधिकारी के लिए पेंटेनियल रिव्यू कैडर रिव्यू आवश्यक है। महिला पदाधिकारी और कर्मियों की प्रतिनियुक्ति गृह प्रमण्डल के अंतर्गत होनी चाहिए। अनुसंधान विभाग एवं विधि-व्यवस्था विभाग दोनों के लिए अलग अलग प्रतिनियुक्ति नीति का अनुपालन किया जाना चाहिए। प्रत्येक जिले में महिलाओं को महिला थाना के अलावा जेनरल थाना में कम से कम 30% थाना प्रतिनिधित्व का मौका देना चाहिए। इच्छुक महिलाओं के लिए फील्ड पोस्टिंग पॉलिसी बनानी चाहिए।

### मातृत्व -पितृत्व अवकाश जिला स्तर पर दिया जाना चाहिए

डीएसपी रैंक के पदाधिकारियों का वर्दी भत्ता संशोधित कर बढ़ाया जाना चाहिए। वेटिंग फॉर पोस्टिंग की अवधि नि>ित होनी चाहिए ताकि रेगुलराईज करने में दिक्कत ना हो। मातृत्व एवं पितृत्व अवकाश जिला स्तर पर दिया जाना चाहिए। जिन महिला कर्मी की एक ही बच्चा है और पति का देहांत हो गया है, तो उनकी पोस्टिंग गृह जिला में होनी चाहिए। रात्रि ड्यूटी के दौरान कम से कम दो महिलाएं सशस्त्र होनी चाहिए। जिला स्थानांतरण के बाद यदि पूर्व जिला में गवाही देने के लिए जाना पड़े तो उनके लिए पुलिस लाईन में (महिला पुलिस क्लब या गेस्ट हाउस) की सुविधा होना चाहिए। प्रत्येक जिले में कैंटीन की सुविधा होनी चाहिए। हर जिले में एक महिला जनशिकायत पदाधिकारी की नियक्ति होनी चाहिए.महिला पुलिस कर्मियों के लिए प्रत्येक माह पुलिस मीटिंग की सुविधा होनी चाहिए ताकि वो अपनी समस्याओं को बता सकें।

## भाजपा के तमाम बड़े नेताओं समेत 51 पर एफआइआर दर्ज

### 12 हजार अज्ञात को बनाया आरोपी

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। राजधानी रांची के मोरहाबादी मैदान में भाजयुमो की आक्रोश रैली में हुए बवाल के बाद भाजपा के बड़े नेताओं सहित 51 नामजद और 12 हजार अज्ञात के खिलाफ लालपुर थाने में एफआईआर दर्ज किया गया है। उक्त एफआईआर एक्सक्यूजिव मजिस्ट्रेट संजय कुमार के बयान पर किया गया है।

**मंच पर मौजूद सभी नेताओं पर एफआईआर दर्ज :** रांची के मोरहाबादी में भाजयुमो की युवा आक्रोश रैली के दौरान पुलिस और कार्यकताओं के बीच हुए झड़प के बाद लालपुर थाना में एफआईआर दर्ज की गई है। दर्ज एफआईआर में 51 नामजद और 12 हजार अज्ञात को आरोपी बनाया गया है। नामजद आरोपियों में भाजपा के वैसे सभी बड़े नेता को आरोपी बनाया गया है, जो रैली में शामिल थे। दर्ज प्राथमिकी में आरोप लगाया गया है कि भाजपा कार्यकताओं ने साजिश के तहत पुलिस पर हमला किया, साथ ही बिना आदेश के सीएम आवास मार्च करने की कोशिश की। आवेदन में यह भी आरोप लगाया गया है कि मोरहाबादी मैदान में भाजपा की ओर से बनाए गए मंच में मौजूद नेताओं ने कार्यकताओं को बैरेकेडिंग तोड़कर सीएम आवास का घेराव करने को लेकर भड़काया जा रहा था। इसके अलावा आरोपियों पर नाजायज मजमा लगाने और निषेधज्ञा का उल्लंघन करने का भी आरोप लगाया गया है।

**जमकर हुई थी झड़प**

गौरतलब हो कि शुक्रवार को भाजयुमो की ओर से मोरहाबादी मैदान में आक्रोश रैली आयोजित की गई थी। इस दौरान रैली में शामिल कार्यकर्ता सीएम आवास का घेराव करने का प्रयास किया गया। उन्हें रोकने के लिए पुलिस की ओर से जगह-जगह पर कंटीले तार से बैरिकेडिंग की गई थी। उस बैरिकेडिंग को कार्यकर्ता तोड़ने लगे, जिसे मौजूद पुलिसकर्मियों ने पहले उन्हें माइक से मना किया और नहीं मानने पर उन पर वाटर कैनन से पानी की बौछार की गयी। इसी दौरान कार्यकर्ताओं ने पुलिस पर पथराव कर दिया। पथराब के बाद पुलिस ने आंसू गैस के गोले दागे। इस घटना में पुलिस और भाजपा कार्यकर्ता जख्मी हुए।

## हाइकोर्ट ने चचेरे भाई की हत्या के सजायाफ्ता की फांसी की सजा को आजीवन कारावास में बदला

खबर मन्त्र संवाददाता



रांची। चाईबासा की निचली अदालत द्वारा 30 जनवरी 2024 को चचेरे भाई की हत्या मामले में सालुका हेंब्रम को सुनाई गई फांसी की सजा को कंफर्म करने को लेकर राज्य सरकार की अपील एवं अपीलकर्ता सालुका हेंब्रम की अपील पर झारखंड हाई कोर्ट ने फैसला सुनाया है। हाई कोर्ट की खंडपीठ ने हत्या के दोषी सालुका हेंब्रम की फांसी की सजा को संशोधित करते हुए उसे आजीवन कारावास में बदल दिया। अपने आदेश में खंडपीठ ने कहा कि यह घटना नशे की हालत में की गई थी, जो रेयरेस्ट का रेयर की श्रेणी में नहीं आता है। अपीलकर्ता का कोई आपराधिक इतिहास भी नहीं है और वह समाज के लिए खतरा भी नहीं है।

दरअसल, अपीलकर्ता सालुका हेंब्रम ने चाईबासा की निचली अदालत द्वारा दोषी करार दिए जाने और फांसी की सजा सुनाए जाने के आदेश को हाई कोर्ट में चुनौती दी थी। चाईबासा कोर्ट ने फांसी सजा के साथ-साथ सालुका हेंब्रम पर 1 लाख रुपए का जुमार्ना भी लगाया था। यह मामला 2019 का है। सालुका हेंब्रम पर जमीन विवाद में चचेरे भाई की हत्या का आरोप था। यह घटना 11 सितंबर 2019 की है। प>िमी सिंहभूम जिले के गोइलकेरा थाना क्षेत्र निवासी रामधन हेंब्रम की दाउली से काटकर हत्या कर दी गयी थी। मृतक की पत्नी चारिबा हेंब्रम के बयान पर इस संबंध में गोइलकेरा थाने में सालुका हेंब्रम के खिलाफ हत्या को लेकर कांड संख्या 25/2019 दर्ज हुआ था।

**मृतक की पत्नी के बयान पर दर्ज हुआ था केस :** रामधन की पत्नी चारिबा हेंब्रम के बयान पर गोइलकेरा थाना में सालुका हेंब्रम के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज हुआ था। उसने बताया था कि रामधन हेंब्रम और चचेरा भाई सालुका हेंब्रम के साथ जमीन विवाद चल रहा था। 11 सितंबर 2019 को गांव के काटेराम हेंब्रम की वनग्राम बंजर जमीन पर झाड़ी काटने गया था। वहां से घर लौटने के दौरान रामधन हेंब्रम व सालुका हेंब्रम में विवाद हो गया।

इसके बाद सालुका ने रामधन से मारपीट शुरू कर दी। रामधन के बेटे ने देखा, तो दौड़कर अपनी मां को बताया। इसकी जानकारी मिलते ही चारिबा हेंब्रम घटना स्थल पहुंची। उसने देखा कि सालुका हेंब्रम उसके पति रामधन को जमीन पर पटक कर दाउली से काट रहा था। रामधन गंभीर रूप से जख्मी हो गया। कुछ देर बाद उसकी मौत हो गयी।

## अलकायदा मॉड्यूल में पकड़े गये आरोपी सुरक्षा एजेंसियों की रडार पर थे : डीजीपी

खबर मन्त्र ब्यूरो



रांची। आतंकी संगठन अलकायदा इंडियन सब कंटिनेंट (एक्यूआइएस) से जुड़े होने के संदेह में झारखंड से हिरासत में लिये गये आठ संदिग्धों में से पांच की विधिवत गिरफ्तारी हो गयी है.। उन्हें एटीएस ने दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल को सौंप दिया है। शेष तीन को पूछताछ के बाद छोड़ दिया गया है। इस मामले में शनिवार को डीजीपी अनुराग गुप्ता ने कहा कि पहले सात लोगों की गिरफ्तारी हुई थी। उनमें से पांच लोगों को दिल्ली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। यह बेसिक ऑपरेशन है, यह दिल्ली पुलिस का ऑपरेशन है।

**आरोपियों को गिरफ्तार कर दिल्ली ले जाया गया है :** झारखंड पुलिस के एटीएस ने इनका पूरा सहयोग किया। ये लोग जो पकड़े गये हैं, वे लंबे समय से राज्य और देश की सुरक्षा एजेंसियों के रडार पर थे। इनके पास से काफी सामान बरामद हुआ है, साहित्य बरामद हुआ है, इनके लैपटॉप में कई चीजें मिली हैं। जांच चल रही है.यह सच है कि रांची से एक डॉक्टर (और हजारीबाग से एक व्यवसायी) को दिल्ली पुलिस की टीम ने गिरफ्तार किया है। मूल एफआईआर दिल्ली में दर्ज की गयी है। आरोपियों को गिरफ्तार कर दिल्ली ले जाया गया है।

**आतंकियों का ट्रेनिंग सेंटर खोलना चाहता था डॉक्टर :** जानकारी के अनुसार बरियातू से गिरफ्तार इस आतंकी गिरोह का मास्टर माइंड डॉ इश्तियाक रांची के चान्हो के जंगल में आतंकियों का प्रशिक्षण केंद्र खोलने वाला था। इसके लिए उसने जमीन भी देख ली थी, जिसमें एक मदरसा संचालक मुफ्ती उसकी मदद कर रहा था। इस प्रशिक्षण केंद्र में आतंकियों को हथियार का प्रशिक्षण दिलाया जाना था। उसके लिए हथियारों का जुटान भी किया जा रहा था। डॉ इश्तियाक मुस्लिम युवाओं को बेहतर भविष्य का प्रलोभन देकर अपने जाल में फांसता था. उसने दो दर्जन से अधिक युवाओं को राजस्थान के आतंकी प्रशिक्षण केंद्र में हथियार चलाने का प्रशिक्षण दिलवाया था।

## जेल से गैंगस्टर नहीं चला पायेंगे संगठित अपराध, लगाम की कवायद

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। झारखंड के जेल में अब गैंगस्टर मोबाइल फोन का इस्तेमाल करने पर रोक लगेगी, ताकि संगठित अपराध को अंजाम देने की योजना फेल हो सके। झारखंड में पदस्थापित 31 जेल जिनमें सात सेंट्रल जेल, 17 जिलों में उप कारा और छह अनुमंडल कारा है समेत एक ओपेन जेल हजारीबाग में है।

पुलिस को सूचना मिली है कि इन जेलों में बंद कई छोटे-मोटे अपराधी कारोबारियों से रंगदारी मांगते हैं, रंगदारी नहीं मिलने पर हत्या जैसी जघन्य कांड को जन्म देते हैं।

गौरतलब हो कि जेल में बंद अमन साहू गिरोह, फरार प्रिंस खान गिरोह, विकास तिवारी गिरोह, अमन श्रीवास्तव गिरोह, सुजीत सिन्हा गिरोह, अखिलेश सिंह गिरोह, सुधीर दुबे गिरोह और पलामू में डब्ल्यू सिंह गिरोह सक्रिय है।

**जैमर अपग्रेड से लगेगा ब्रेक**

जब तक झारखंड के सभी जिलों में जैमर अपग्रेड का काम पूरा नहीं होगा, तब तक जेल के अंदर से अपराधियों के सल्तनत को खत्म कर पाना बेहद मुश्किल है। जेलों में सभी प्रकार के मोबाइल नेटवर्क को बंद करने के लिए अत्याधुनिक जैमर लगाने का काम अब तक फाइलों में ही सिमटा हुआ है। नतीजतन जेल के अंदर से ही कुख्यात अपराधी से लेकर छोटे-छोटे अपराधी जेल के बाहर अपने गुर्गो से घटनाओं को अंजाम दिलवा रहे हैं।

## अत्याधुनिक आईटी उपकरणों से लैस है कमांड कंट्रोल सेंटर : सुनील

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। नगर विकास एवं आवास विभाग के प्रधान सचिव और रांची स्मार्ट सिटी कॉरपोरेशन के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक सुनील कुमार नें कहा है कि स्मार्ट सिटी का कमांड सेंटर अत्याधुनिक आईटी आधारित उपकरणों पर कार्य कर रहा है। इसमें मैनुअल इन्टरवेंशन न के बराबर है।इसलिए इसका अधिक से अधिक उपयोग कैसे हो इस ओर पदाधिकारी ध्यान दें। रांची स्मार्ट सिटी एबीडी क्षेत्र के जुपमी भवन स्थित कमांड कंट्रोल एंड कम्यूनिकेशन सेंटर का निरीक्षण करते हुये सचिव नें ये बात कही। उन्होंनें कमांड सेंटर से रेगुलेट हो रही रांची शहर की यातायात प्रबंधन,पुलिस सर्विलांस सिस्टम सहित कई अन्य महत्वपूर्ण उपकरणों की जानकारी ली।

इस मौके पर रांची स्मार्ट सिटी के सीईओ अमित कुमार नें सचिव को बताया कि पिछले तीन वर्षो से ये कमांड सेंटर रांची की यातायात प्रबंधन को रेगुलेट कर रहा है। इसके साथ- साथ शहर में अपराध नियंत्रण और अपराध के उद्भेदन में इसका पूरा सहयोग रांची पुलिस को मिल रहा है।

**ये भी रहे मौजूद :** निरीक्षण के दौरान रांची स्मार्ट सिटी कॉरपोरेशन के सीईओ अमित कुमार, महाप्रबंधक तकनीकी राकेश कुमार नंदक्योलियार, पीआरओ अमित कुमार, हॉनीवेल ऑटोमेशन लि के प्रबंधक अतुल अग्रवाल, स्मार्ट सिटी के प्रबंधक उत्कर्ष कुमार, स्मार्ट सिटी के अंजनी दूबे और सतीश कुमार मौजूद रहे।

## सचिवालय सेवा संघ ने 10 सितंबर से 3 दिन के सामूहिक अवकाश पर जाने की चेतावनी दी

खबर मन्त्र ब्यूरो



रांची। झारखंड सचिवालय सेवा संघ की कार्यकारिणी की बैठक नेपाल हाउस में ध्रुव प्रसाद की अध्यक्षता में संपन्न हुई। उन्होंने बताया की बैठक में संघ की लम्बित मांगों पर कार्मिक सचिव के अड़ियल एवं नकारात्मक रवैए को लेकर गहरी नाराजगी व्यक्त की गई। संघ के अध्यक्ष ध्रुव प्रसाद ने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देश के बावजूद उपसचिव और संयुक्त सचिव के पदों के सृजन संबंधी मामलों को कार्मिक सचिव द्वारा अनावश्यक रूप से लटकाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्यकर्मियों के प्रोन्नति को कालावधि में एकरूपता के लिए सरकार के संकल्प संख्या 3286 का लाभ सचिवालय सेवा के सदस्यों को अभी तक प्रदान नहीं किया गया है। इसके अलावा, सचिवालय सेवा के सदस्यों की प्रोन्नति के मामलों को भी विगत दस माह से कार्मिक सचिव द्वारा लटकाया गया है, जिससे सचिवालय सेवा के पदाधिकारियों में गहरा रोष व्याप्त है।

संघ ने यह भी निर्णय लिया कि यदि उनकी मांगों पर दिनांक 09 सितंबर तक अंतिम निर्णय नहीं लिया गया तो संघ के सभी सदस्य दिनांक 10 सितंबर से तीन दिन तक सामूहिक अवकाश पर जाने के लिए बाध्य होंगे। झारखंड सचिवालय सेवा संघ सरकार से अपील करता है कि वे जल्द से जल्द इस मामले पर उचित कदम उठाएं ताकि सचिवालयकर्मियों के हितों की रक्षा हो सके और प्रशासनिक कार्यों में किसी प्रकार का व्यवधान न आए।

बैठक में अध्यक्ष के अतिरिक्त महासचिव सिद्धार्थ शंकर बेसरा, उपाध्यक्ष विनय कुमार बरनवाल,रितेश कुमार, धर्मेंद्र कुमार, इरशाद आलम,धर्मवीर कुमार, निधि टोपनो, दीप्ति हेरेंज , संध्या खलखो, उमाशंकर मुंडा, मनोज कुमार, रजनीश शुक्ला, हेमनारायण सिंह, अवध किशोर भगत आदि मौजूद थे।

## एक नजर में

### अपराधी की जमानत याचिका खारिज

**रांची।** धनबाद जेल में हुई अमन सिंह हत्याकांड में कतरास कॉलोनी निवासी विकास कुमार उर्फ विकास बजरंगी को आगे जेल में रहना पड़ेगा। सीआईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने उसकी ओर से दाखिल जमानत याचिका सुनवाई प>ात खारिज कर दी है। वह 15 फरवरी 2024 से जेल में बंद है। अमन सिंह की हत्या धनबाद जेल में 3 दिसंबर 2023 को अंधाधुध गोली मारकर कर दी गई थी। इस हत्याकांड को अंजाम आपराधिक साजिश के तहत दी गई थी। इसमें सुंदर महतो उर्फ रितेश यादव, सतीश साव उर्फ गांधी ने मदद की थी। घटना को लेकर सीआईडी ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच प्रारंभ की है। मामले में आगे भी अनुसंधान जारी है।

### अपराधी चंदन साव को नहीं मिली जमानत

**रांची।** अपराधी अमन साहू गैंग के गुर्गे जेल में बंद चंदन साव को अदालत ने जमानत देने से इनकार किया है। एटीएस मामले के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने उसकी ओर से दाखिल जमानत याचिका सुनवाई प>ात खारिज कर दी है। एटीएस ने गुप्त सूचना के आधार पर उसे 17 जुलाई 2023 को ओरमांझी इलाके से एक महिला के घर से गिरफ्तार किया था। तब से वह जेल में है। गिरफ्तारी के समय उसके पास से लोडेड रिवाल्वर, पांच जिंदा कारसूत, दो मोबाइल, फेक आधार कार्ड जिस पर पवन कुमार सिंह का नाम अंकित था। लेकिन, फोटो चंदन साहू का सटा हुआ बरामद किया गया था। उस पर आपराधिक साजिश के तहत रंगदारी मांगने और नहीं देने पर जान से हाथ धोने की धमकी, टेरर एक्टिविटिज समेत अन्य आरोप है। वह एटीएस कांड संख्या 6/2023 मामले में जेल में है।

### आरोपी जमीन कारोबारी की जमानत पर दो सितम्बर को होगी सुनवाई

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से जुड़े बड़गाई अंचल के 8.86 एकड़ जमीन फर्जीवाड़ा मामले में जेल में बंद जमीन कारोबारी प्रिय रंजन सहाय की जमानत याचिका पर दो सिंतबर को सुनवाई होगी। उसकी ओर से दाखिल याचिका पर शनिवार को पीएमएलए कोर्ट में सुनवाई के लिए सूचीबद्ध थी। लेकिन, सुनवाई नहीं हो सकी। आरोपी ने गिरफ्तारी के 113 दिनों बाद जमानत की गुहार लगाते हुये 9 अगस्त को याचिका दाखिल की है। ईडी ने जमीन घोटाले को लेकर बीते 16 अप्रैल को की गई छापेमारी के बाद आरोपी को गिरफ्तार किया था। तब से वह जेल में है।

### छविरंजन समेत सात आरोपियों की हिरासत अवधि दो सप्ताह बढ़ी

**रांची।** चेशायर होम रोड की एक एकड़ जमीन की बिक्री से जुड़े मनी लाउंड्रिंग मामले में आरोपी रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन समेत सात की न्यायिक हिरासत अवधि पीएमएलए कोर्ट ने दो सप्ताह बढ़ा दी है। इससे पूर्व जेल में बंद आरोपियों को वीसी के माध्यम से पेश किया गया। अदालत ने अगली पेशी की तारीख 7 सितंबर निर्धारित की है। वर्तमान में यह मामला आरोप गठन के बिंदु पर सुनवाई पर लंबित है। आरोपियों को पुलिस पेपर सौंप दिया गया है। मामले में रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन, दलाल प्रेम प्रकाश, भरत प्रसाद, राजेश राय, इम्तियाज अहमद, अफसर अली और मो सद्दाम न्यायिक हिरासत में है। जबकि कारोबारी विष्णु अग्रवाल को हाईकोर्ट से जमानत प्राप्त है। वहीं, एक आरोपी पुनीत भार्गव फरार चल रहा है।

### फिरौती मांगने का आरोपी ठोस साक्ष्य के अभाव में बरी

रांची। पिस्टल के बल पर ट्रक चालक के बेटा का अगवा कर 50 हजार रुपये फिरौती मांगने से जुड़े 24 साल पुराने मामले में फैसला आया है। अपर न्यायायुक्त पीके शर्मा की अदालत ने ट्रायल फेस कर रहा बेड़ो निवासी आरोपी संजय उर्फ चरकू को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया। अदालत ने अभियोजन पक्ष को मामले के गवाहों को प्रस्तुत करने का लंबा समय दिया। साथ ही हजारीबाग एसपी को 10 जुलाई एवं 27 जुलाई को गवाहों को प्रस्तुत करने को अदालत ने लिखा था। बावजूद एक भी गवाह नहीं पहुंचा। मामले के चार गवाह हजारीबाग जिला का था। अंतिम मौका पर भी जब गवाह नहीं आया तो अदालत ने 5 अगस्त को गवाही बंद कर दी। आरोपी को बिना गवाह के केस से बरी कर दिया।

**क्या था मामला :** हजारीबाग के चंदवारा थाना के उरमा ग्राम निवासी मो इकबाल ने 20 जुलाई 2000 को बेड़ो थाना में बेटे का अपरहण की प्राथमिकी दर्ज कराई थी। इसमें कहा गया था कि रामगढ़.हजारीबाग से ट्रक से पटाखा लोड कर भिलाई इस्पात संयंत्र जा रहे थे। बेड़ो थाना क्षेत्र जब पहुंचे तो छह युवक हाथ में रिवाल्वर व चाकू के बल पर ट्रक रूकवाकर सवार हो गया और चालक और खलासी के साथ मारपीट की। वाहन को तेज चलाने को बोलाए मना किया तो गोली चलाई। जिसमें चालक घायल हो गया। इसके बाद बदमाश वाहन चलाने लगा। बदमाशों ने चालक पिता को छोड़ दिया और कहा कि चार दिन के अंदर 50 हजार रुपये लेकर आओ अपने बेटे को ले जाना। नहीं तो लाश मिलेगी। इसी बीच पुलिस पहुंची तो सभी आरोपी जंगल का फायदा उठाकर भाग गया था।

### कार पर फायरिंग मामले में तीन गिरफ्तार

**रांची।** सुखदेवनगर थाना पुलिस ने करमचौक में कार पर फायरिंग करने के मामले और मारपीट के आरोप में दो भाई समेत तीन को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में से विद्यानगर निवासी अंकुश चौबे, अविनाश चौबे और अरगोड़ा के अरविंद कुमार उर्फ विक्की शामिल है। पुलिस ने इनलोगों के पास से एक देशी पिस्टल, दो जिंदा गोली, दो खोखा, दो पिलेट, दो स्मार्ट फोन बरामद किया है। कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय ने बताया कि तीनों पंचवटी कॉलोनी में नशाखोरी और अडडेबाजी कर रहे थे। वहां मौजूद विकाश कच्छप ने इनलोगों को वहां नशा करने से मना किया तो उसके साथ मारपीट की गयी और कार पर फायरिंग की गयी। पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### कोलकाता डॉक्टर रेप-मर्डर के खिलाफ रांची में विरोध प्रदर्शन




**रांची।** कोलकाता रेप केस के खिलाफ लोगों का गुस्सा अब भी उबाल पर है। शनिवार को रतन टॉकीज के पास एआईएमआईएम रांची महानगर अध्यक्ष शाहिद अययूबी के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन किया गया। तख्तियां लेकर प्रदर्शन कर रहे लोगों ने कहा कि ट्रेनी महिला डॉक्टर को इंसाफ मिलना चाहिए। साथ ही दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त सजा दी जानी चाहिए। विरोध प्रदर्शन कर रहे लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर ट्रेनी डॉक्टर को श्रद्धांजलि दी। साथ ही उत्तराखंड में तसलीम जहां नामक नर्स के साथ बलात्कार व निर्मम हत्या को भी लेकर विरोध किया गया। ममता सरकार व केंद्र सरकार के खिलाफ तख्ती पर लिखे नारे हाथों में लिए और दोषियों को फांसी दो के नारे लगाए गए। शाहिद अय्यूबी ने केंद्र सरकार और सर्वोच्च न्यायालय से मांग किया की इस तरह के घटना के लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट का गठन किया जाए और बलात्कारियों को कड़ी सी कड़ी कानूनी कार्रवाई कर फांसी की सजा दी जाए। मौके पर अनवर खान, अयूब राजा खान, डॉक्टर दानिश, मुर्शीद आलम, तौसीफ खान, डॉ अहमद, नाजिया परवीन, फरजाना, परवीन, रुखसाना परवीन, फिरदौस अंसारी, आफताब आलम, रिजु के अलावा बड़ी संख्य में गणमान्य लोग शामिल हुए।

# कंप्यूटर ऑपरेटर के लिए समान काम के बदले समान वेतन मामले में सचिव चार माह में लें निर्णय : हाईकोर्ट

खबर मन्त्र संवाददाता





**रांची।** राज्य के जिलों में रूलर वर्क डिपार्टमेंट के एग्जीक्यूटिव इंजीनियर के ऑफिस में कार्यरत कंप्यूटर ऑपरेटर द्वारा समान काम के बदले समान वेतन की मांग को लेकर दायर याचिका की सुनवाई झारखंड हाई कोर्ट में हुई। हाई कोर्ट की एकल पीठ ने मामले में सचिव, रूलर वर्क डिपार्टमेंट को 4 माह में प्रार्थियों के संबंध में निर्णय लेने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने कहा है कि अगर प्रार्थियों की देय राशि बनती है तो इसका भुगतान उन्हे सुनिश्चित किया जाए। उक्त दिशा निर्देश देते हुए कोर्ट ने याचिका निष्पादित कर दी।

दरअसल, प्रार्थी प्रेमचंद विनोद टेटे एवं अन्य की ओर से हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर कहा गया था कि वह जिलों में रूलर वर्क डिपार्टमेंट में एग्जीक्यूटिव इंजीनियर के ऑफिस में संविदा पर कार्यरत है। उनकी ओर से समान काम के बदले समान वेतन देने का आग्रह करते हुए वित्त विभाग के वर्ष 2017 एवं वर्ष 2023 के नोटिफिकेशन के आधार पर मानदेय भुगतान का आग्रह किया गया था। उनकी ओर से कहा गया था कि वे वर्ष 2005-06 से संविदा पर कार्यरत है। उन्हें प्रति माह 10500 मिलते हैं।

वर्ष 2017 के वित्त विभाग के नोटिफिकेशन के आधार पर रोड कंस्ट्रक्शन डिपार्मेंट सहित अन्य विभाग के कंप्यूटर ऑपरेटर, यहां तक की सचिवालय में कार्यरत रूलर वर्क डिपार्टमेंट के संविदा कर्मियों को 26800 रुपए का भुगतान किया जा रहा है। लेकिन राज्य के जिलों में रूलर वर्क डिपार्टमेंट के एग्जीक्यूटिव इंजीनियर के ऑफिस में कार्यरत कंप्यूटर ऑपरेटर को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। वित्त विभाग ने वर्ष 2023 में झारखंड में कार्यरत कंप्यूटर ऑपरेटर का मानदेय 34400 कर दिया है इसका भी लाभ भी प्रार्थियों नहीं मिल रहा है। ऐसे में प्रार्थियों को वित्त विभाग के 2017 के नोटिफिकेशन एवं 2023 के नोटिफिकेशन के आधार पर समान काम के बदले समान वेतन के तहत देय राशि का भुगतान किया जाए। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता अमृतांश वत्स ने कोर्ट को बताया कि जब रोड कंस्ट्रक्शन डिपार्टमेंट सहित अन्य विभागों के कंप्यूटर ऑपरेटर को वित्त विभाग के नोटिफिकेशन के तहत मानदेय का लाभ मिल रहा है तो जिलों में रूलर वर्क डिपार्टमेंट में कार्यरत इन कर्मियों को भी लाभ मिलना चाहिए।

## चुटूपाली घाटी की सड़क का एलाइनमेंट ठीक करे एनएचएआईः चंद्रप्रकाश चौधरी



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के (एनएचएआई) के अधिकारियों व इंजीनियरों से क्षेत्रीय कार्यालय में मिलकर ओवर ब्रिज का जीर्णोद्धार, रामगढ़ चुटूपालू घाटी में आये दिन होने वाले सड़क दुर्घटना, स्ट्रीट लाइट का नहीं जलना व अन्य संबंधित विषयों को लेकर चर्चा की। उन्होंने चर्चा के क्रम में धनबाद के तेल मोच्चो ब्रिज का जीर्णोद्धार कार्य पूरा करने का करने का मामला रखा। उन्होंने कहा कि अशोक बिल्डकॉन लिमिटेड के द्वारा अधूरा कार्य किया गया है। इस पर अधिकारियों ने छह माह में आवश्यक कार्रवाई करने को लेकर आश्वस्त किया। उन्होंने रामगढ़ के चुटूपालू घाटी में आये दिन होने वाले दुर्घटना में लोगों की हो रही मौत को लेकर सवाल खड़ा किया। उन्होंने कहा कि अब तक दर्जनों लोगों की मौत हो गई है। दुर्घटना भी एक ही स्थान पर हो रही है। उन्होंने इसको लेकर सड़क एलाइनमेंट को सही किये जाने जाने का सुझाव दिया। इसके पूर्व उनका अधिकारियों ने कार्यालय पहुंचने पर स्वागत किया।

## शिक्षकों की प्रोन्नति व अंतर जिला स्थानांतरण पर शिक्षा विभाग तय सीमा में करेगा फैसला

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** शिक्षकों के एमएसीपीए प्रोन्नति और अंतर जिला स्थानांतरण पर शिक्षा विभाग तय सीमा में जल्द फैसला करेगा। यह बात झारखंड प्रगतिशील शिक्षक संघ के साथ शुक्रवार को हुई बैठक में शिक्षा मंत्री बैजनाथ राम और स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के प्रभारी सचिव उमाशंकर सिंह ने कही। बैठक में मंत्री ने शिक्षकों से कहा कि वे शिक्षकों की समस्याओं से भली भांति परिचित हैं। इसके लिये विभाग ने ड्राफ्ट भी तैयार कर लिया है। शुक्रवार को शिक्षा मंत्री के बुलावे पर झारखंड प्रगतिशील शिक्षक संघ का एक प्रतिनिधिमंडल प्रदेश अध्यक्ष आनंद किशोर साहू के नेतृत्व में मिला था। इसमें शिक्षकों की समस्या पर चर्चा की गई।

बैठक के दौरान अंतर जिला स्थानांतरण के मुद्दे पर संघ की ओर से स्पष्ट रूप से कहा गया कि एक अवसर जो छूटे हुए शिक्षक हैं, उनको भी गृह जिला में आने का मौका दिया जाये। जिला के अंदर जोन आधारित स्थानांतरण किया जाये। पारस्परिक स्थानांतरण के लिए बहुत शीघ्र ऑनलाइन पोर्टल का ऑप्शन दे दिया जाये। इसके लिए विभागीय आदेश भी निर्गत कर दिए गए हैं। इस पर विभागीय सचिव और मंत्री महोदय का स्पष्ट कहना था कि अभी अंतर जिला स्थानांतरण के अगले चरण की तैयारी है।

**14000 प्रधानाध्यापकों की होगी बहाली** : संघ के सुझाव पर विभाग की ओर से शिक्षकों को आश्वस्त किया गया कि लगभग 14000 उत्क्रमित मध्य विद्यालयों में प्रधानाध्यापक के पदों की स्वीकृति की प्रक्रिया बहुत जल्द शुरू की जाएगी। अधिकांश शिक्षकों को प्रोन्नति देकर उक्त पदों को भरा जा सके। सीमित प्रतियोगिता परीक्षा के बारे में बताया गया कि इस पर पुनर्विचार किया जायेगा।

झारखंड प्रगतिशील शिक्षक संघ के प्रदेश महासचिव बलजीत कुमार सिंह ने कहा है कि प्रोन्नति कमेटी के अध्यक्ष एवं आप्त सचिव नन्द किशोर लाल से भी बात हुई है,उन्हे प्रोन्नति नियमावली के लिए कई सुझाव दिया गया है। संघ की ओर से बैठक में संघ के प्रदेश कोषाध्यक्ष ज्ञान चंद्र साहू, प्रदेश वरीय उपाध्यक्ष मोहम्मद कयामुद्दीन, रांची जिला कोषाध्यक्ष जिउरा उरांव, संदीप कुमार और सुरजीत कुमार शामिल थे।

## जीएम सहित सीसीएल के कई अफसरों का किया गया तबादला

**रांची।** जीएम सहित सीसीएल के कई अफसरों का तबादला कर दिया गया है। सभी माइनिंग संवर्ग के हैं। इस क्रम में कई पीओ को बदला गया है। एरिया में पदस्थापित कई अफसरों को मुख्यालय, रांची बुला लिया गया है। कुछ का मुख्यालय से एरिया में पोस्टिंग की गई है। जिन अफसरों का तबादला किया गया है, उनमें आम्रपाली के जेनरल मैनेजर माइनिंग प्रणव कुमार सिन्हा को ऑपरेशन डिपार्टमेंट में भेजा गया गया है। चीफ मैनेजर मो अकरम माइनिंग को मगध से आम्रपाली, अरविंद कुमार शर्मा पीओ बोकारो को बरका सयाल, एनके सिंह को ऑपरेशन डिपार्टमेंट मुख्यालय से पीओ बोकारो, शंभू कुमार झा को पीओ कारो से बीएंडके ऑफिस, सुधीर सिन्हा को हेडक्वार्टर से पीओ कारो, राकेश कुमार के आम्रपाली ओसी को मगध भेजा गया है।

## आज रांची आयेंगे प्रदेश कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के महासचिव सह झारखण्ड प्रभारी गुलाम अहमद मीर अपने एक दिवसीय प्रवास पर रविवार को रांची पहुंच रहे है। प्रदेश प्रभारी रविवार को 9:50 बजे रांची बिरसा मुण्डा एयरपोर्ट पहुंचेंगे तदुपरांत प्रदेश कांग्रेसी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। राकेश सिन्हा ने बताया की 10:45 बजे रांची परिसदन में कांग्रेस विधायक दल की बैठक, 12:30 बजे कांग्रेस भवन में वरिष्ठ कांग्रेसजनों की बैठक, 2 बजे जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्षों की बैठक, 3:30 बजे अग्रणी संगठन, विभाग प्रकोष्ठ के अध्यक्षों की बैठक में सम्मिलित होंगे।

## विश्वविद्यालय कंट्रोलर से मिला जेसीएम का डेलिगेट

**रांची।** जेसीएम रांची विश्वविद्यालय का प्रतिनिधिमंडल शनिवार को रांची विश्वविद्यालय के कंट्रोलर डॉ. विकास कुमार से मिलकर जेनेरिक इलेक्टिव स्पेशल एग्जाम से संबंधित समस्याओं से अवगत कराया है। डॉ विकास ने सभी मुद्दे का निदान 4 दिन में करने का आश्वासन दिया। मौके पर अमन तिवारी, असद फेराज, इरफान खान, अमन ठाकुर आदि थे।

## प्रदेश अध्यक्ष ने पूर्व विधायक का हालचाल जाना

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के नवनियुक्त अध्यक्ष केशव महतो कमलेश शनिवार को पूर्व विधायक एवं झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पुर्व उपाध्यक्ष हरिराम बाबु से उनके आवास हरमू हाउसिंग क्लॉनी, रांची में मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य का हालचाल प्राप्त किया तथा उनके शीघ्र स्वस्थ्य होने की कामना की। विदित हो कि हरिराम जी कई महीनों से काफी बीमार चल रहे हैं। इस स्थिति में उनका हालचाल जानने के लिए प्रदेश अध्यक्ष उनके परिजनों से मिले। इसके पश्चात पूर्व प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष स्वर्गीय पीएन सिंह के आवास पहुंचकर उनके चित्र पर माल्यार्पण किया तथा उनके पुत्रों से मुलाकात की तथा सांगठनिक चर्चा भी की गई। मुलाकात करने में सतीश पॉल मुजनी,जय प्रकाश गुप्ता, विनय सिन्हा दीपु, तपेश्वर नाथ मिश्रा, बेलाल शामिल हुए।

## प्रदेश युवा कांग्रेस कार्यकारिणी की बैठक

खबर मन्त्र ब्यूरो




**रांची।** झारखण्ड प्रदेश युवा कांग्रेस प्रदेश कार्यकारणी की बैठक प्रदेश अध्यक्ष अभिजीत राज की अध्यक्षता में शनिवार को प्रेसक्लब रांची में हुई। बैठक में मुख्य रूप से भारतीय युवा कांग्रेस के महासचिव पूर्णचन्द्र पाधी (कोको पाधी), झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष केशव कमलेश महतो, झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष राजेश ठाकुर, प्रदेश प्रभारी सुश्री इशिता सेढ़ा, राष्ट्रीय सचिव अभिनव सिद्धार्थ, राजेश सिन्हा सनी, एहसान खान के अलावा प्रदेश कांग्रेस मीडिया चेयरमैन सतीश पॉल मूंजनी, रांची कांग्रेस जिलाध्यक्ष कुमार राजा मौजूद थे।

बैठक का मुख्य विषय आगामी विधानसभा चुनावों में युवा कांग्रेस की तैयारियों तथा विभिन्न पदाधिकारियों की भागीदारी से संबंधित था। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं तथा युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय नेताओं ने अपने अनुभव तथा कार्यशैली को उत्कृष्ट बनाने हेतु सुझावों से युवा कांग्रेसियों को अवगत कराया।

प्रदेश अध्यक्ष केशव कमलेश महतो ने कहा कि युवा कांग्रेस सरकार की सारे कार्यो को जिला, प्रखंड एवं पंचायत लेवल पर बताने का कार्य करें। राष्ट्रीय महासचिव कोको पाढ़ी ने कहा कि कार्यकताओं की मेहनत जरूर रंग लाएगी तथा यूपीए गठबंधन झारखंड में दोबारा सरकार बनाने में सफल होगी। संगठन हर मेहनती कार्यकर्ता के साथ हर वक्त खड़ा है। पूर्व अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि मेरे कार्यकाल में युवा कांग्रेस के द्वारा काफी सराहनीय कार्य किए गए।

मौके पर झारखंड प्रदेश यूथ कांग्रेस उपाध्यक्ष देव शर्मा, सत्यम सिंह, सौरव अग्रवाल, आफताब आलम, कुलदीप, रवि कुमार रोशन, प्रदेश महासचिव, सचिव एवं राज्य से आए तमाम जिला अध्यक्ष एवं विधानसभा अध्यक्ष मौजूद थे।

## श्री राधा कृष्ण बाल रूप सजा प्रतियोगिता 26 को

**रांची।** श्री शिव मंदिर महावीर मंदिर न्याय समिति के प्रांगण श्री राधा कृष्ण मंदिर राजेंद्र चौक के समीप श्री राम भरत मिलाप समिति के द्वारा जन्माष्टमी के अवसर पर भव्य श्री राधा कृष्ण बाल रूप सजा प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के लिए विधिवत पोस्टर का विमोचन शनिवार को किया गया और प्रतिभागियों के लिए फार्म जारी किया गया। फार्म श्री राधा कृष्ण मंदिर प्रांगण में, श्री राम भरत मिलाप समिति कार्यालय डोरंडा बाजार, नारायणी मेडिकल बिरसा चौक, होटल ओम अशोक नगर गेट नंबर 2 के समीप, द क्लास रूम इंस्टीट्यूट साउथ ऑफिस पाड़ा में रहेगा। 26 अगस्त रात्रि 12:00 बजे भगवान के जन्म के पश्चात प्रसाद का वितरण किया जाएगा एवं 27 को मेले का आयोजन किया गया है।

## सीएमपीडीआई के निदेशक अच्युत घटक होंगे कोल इंडिया के नए डीटी

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** अच्युत घटक कोल इंडिया के नए निदेशक (तकनीकी) होंगे। वे सीएमपीडीआई में निदेशक (तकनीकी) के तौर पर कार्यरत हैं। लोक उद्यम चयन बोर्ड ने 23 अगस्त को इंटरव्यू के बाद उनके नाम की अनुशंसा कर दी है।


वर्तमान में कोल इंडिया के निदेशक (तकनीकी) डॉ बी वीरा रेड्डी हैं। वे रिटायर होने वाले हैं। इसके मद्देनजर लोक उद्यम चयन बोर्ड ने इस पद के लिए आवेदन आमंत्रित किया था। इस पद के इंटाव्यू के लिए 11 अफसर शामिल हुए थे। इंटरव्यू में सीएमपीडीआई के निदेशक (तकनीकी) अच्युत घटक, एनसीएल के जीएम राजीव सिंह, एमसीएल के जीएम कृपा शंकर सिंह, ईसीएल के जीएम कल्याणजी प्रसाद, डब्ल्यूसीएल के जीएम हर्षद दतार, कोल इंडिया के जीएम श्रीकांत एसएच रॉय और डॉ पियूष कुमार, एनएलसी के निदेशक सुरेश चंद्र सुमन, एनएलसी के सीजीएम एस राजमोहन, नीरज कुमार और विजय कुमार एस शामिल थे। बोर्ड ने इंटरव्यू के बाद अच्युत घटक के नाम की अनुशंसा कर दी है। कोयला मंत्रालय और कोल इंडिया से आदेश जारी होने के बाद वह पदभार ग्रहण करेंगे। श्री घटक ने सीएमपीडीआई में निदेशक का पद 1 अक्टूबर, 2023 को संभाला था।

## सरला बिरला पब्लिक स्कूल में मानविकी महोत्सव संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता




**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल में शनिवार को सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल्स (सतत विकास) पर आधारित तीन दिवसीय महोत्सव का आयोजन मानविकी संकाय द्वारा किया गया। इस महोत्सव के प्रमुख आयोजनों में पहले दिन जी20 शिखर सम्मेलनऔर आर्टिस्टिक ऑरा शामिल थे। जी20-शिखर सम्मेलन में, छात्रों ने विभिन्न देशों का प्रतिनिधित्व किया और सतत विकास पर उनके दृष्टिकोण और उनकी उपलब्धियों की जानकारी दी। इस दौरान प्रश्नोत्तर सेशन का भी आयोजन किया गया, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। कक्षा ग्यारहवीं से बारहवीं तक के प्रतिभागियों ने टी-शर्ट और चेहरे की पेंटिंग के माध्यम से सतत विकास के महत्व को उजागर किया। इन दोनों आयोजनों का मूल्यांकन एक पैनल द्वारा किया गया । जिसमें प्रमुख शिक्षाविद सुचित्रा मुखर्जी तथा डॉ. संजीव श्रीवास्तव और डॉ. स्वातिलेखा महतो शामिल थे। सभी ने आयोजकों और प्रतिभागियों की मेहनत की सराहना की। दूसरे दिन, का कार्यक्रम भारतीय और अंतरराष्ट्रीय प्रभावशाली व्यक्तियों पर आधारित था। इसमें प्रतिभागियों ने प्रियंका चोपड़ा, भुवन बाम, टेलर स्विफ्ट, कुश कपिला, और केट मिडलटन जैसे प्रसिद्ध लोगों की भूमिका निभाई। तीसरे दिन का कार्यक्रम, फ्रीकी फाइंड पर आधारित था। इसमें टीमों को कुछ सुरागों के जवाब ढूंढ़ने थे, एक निर्धारित समय में एक कार्य पूरा करना था, और अंत में एक क्रॉसवर्ड पहेली हल करनी थी। यह एक बेहद रोमांचक और मजेदार अनुभव था, जिसने महोत्सव का समापन ऊर्जा और उत्साह से भरपूर तरीके से किया। यह महोत्सव सरला बिरला पब्लिक स्कूल के मानविकी विभाग द्वारा पूरी तरह से संचालित और आयोजित किया गया था। प्राचार्या परमजीत कौर ने छात्रों की मेहनत और समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि हमारे शिक्षार्थी आत्मविश्वास और उत्साह के साथ किसी भी चुनौती का सामना कर सकते हैं। उन्होंने इस महोत्सव को सफल बनाने में मानविकी विभाग और सभी छात्रों की भूमिका की प्रशंसा की और विश्वास जताया कि हमारे छात्रों में हर चुनौती को स्वीकार करने और उसमें सफल होने की अद्भुत क्षमता है।



## खबर एक नजर में

### जीडी गोयनका में मना श्री कृष्ण जन्मोत्सव



**रांची।** जीडी गोयनका स्कूल में श्री कृष्ण जन्मोत्सव शनिवार को बहुत धूमधाम से मनाया गया। प्री.प्राइमरी से कक्षा आठ तक के विद्यार्थियों ने गीत, नृत्य और नाटिका के माध्यम से कृष्ण के जन्म की रंगारंग प्रस्तुति की। छात्रों द्वारा प्रस्तुत दही हंडी ने कृष्ण जन्मोत्सव की भव्यता में चार चांद लगा दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विद्यालय के चेयरमैन मदन सिंह ने दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। वाइस चेयरमैन अमन सिंह ने प्रेम के प्रतीक भगवान कृष्ण को अच्छाई और बुराई के बीच की सेतु बताते हुए कहा कि ना अच्छा समय रहता है और ना ही बुरा, तो हर व्यक्ति को प्रतिकूल परिस्थितियों में भी अपना कर्म करते रहना चाहिए। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर सुनील कुमार ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए संपूर्ण गोयनका परिवार की सराहना की।

### कैंब्रियन पब्लिक स्कूल में मना जन्माष्टमी



**रांची।** भगवान श्रीकृष्ण दुनिया के सर्वश्रेष्ठ शिक्षक हैं। वे कर्म, प्रेम, मित्रता, सत्य, साहस और समन्वय के प्रतीक हैं। ये बातें प्राचार्या डॉ.नीता पांडेय ने कांके रोड स्थित कैंब्रियन पब्लिक स्कूल में शनिवार को आयोजित कृष्ण जन्मोत्सव कार्यक्रम में कहीं। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण के जीवन काल का प्रत्येक पड़ाव साहस, शौर्य, ज्ञान और प्रेम से परिपूर्ण रहा है। इससे पहले बच्चों ने नृत्य नाटिका के माध्यम से भगवान श्रीकृष्ण की विभिन्न लीलाओं का जीवंत मंचन किया। मौके पर उपप्राचार्या प्रेमलता कुमारी सहित काफी संख्या में शिक्षक एवम छात्र- छात्राएं उपस्थित थे।

### निर्मला कॉन्वेंट हाई स्कूल का शानदार प्रदर्शन

**रांची।** राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के अवसर पर रांची विज्ञान केंद्र द्वारा आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में निर्मला कॉन्वेंट हाई स्कूल के छात्र-छात्राओं ने परचम लहराया। इस कार्यक्रम में आयोजित प्रतियोगिताओं में कुल छह विद्यालय के लगभग 200 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया जिसमें एलोक्यूशन तथा क्विज प्रतियोगिता में निर्मला कॉन्वेंट हाई स्कूल के छात्रा अनन्या कुमारी (कक्षा नवम) तथा सुमन कुमारी (कक्षा नवम) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। मुख्य अतिथि डॉ राजशेखर प्रसाद तथा विशेष अतिथि डॉ अश्वनी कुमार शर्मा ने विजेताओं को सम्मानित किया। विजेताओं को विद्यालय के प्राचार्य विजय कुमार शर्मा, विद्यालय की सचिव सीमा शर्मा ने बधाई दी है।

### श्री श्याम मंदिर में जन्माष्टमी मोहत्सव 26 को

**रांची।** अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मन्दिर में 26 अगस्त को श्री कृष्ण जन्माष्टमी मोहत्सव अत्यन्त धूम धाम से आयोजित किया जाएगा। श्री कृष्ण लीला पर आधारित झांकियों सजाने के लिए विगत कई दिनों से कारीगर जुटे हुए हैं। मुख्य झांकी में रजत झूले पर लड्डू गोपाल का दिव्य स्वरूप होगा। साथ ही रात्रि 9 बजे से संगीतमय संकीर्तन प्रारम्भ होगा। रात्रि 12 बजे श्री कृष्ण जन्म के समय घंटा - घड़ियाल - नगाड़ा व शंख ध्वनि से जन्मोत्सव की बधाई दी जाएगी।

### श्रीश्याम मित्र मंडल का 125 वां भंडारा

**रांची।** श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में प्रत्येक शनिवार को होने वाला 125 वा श्री श्याम भंडारा भक्तिमय रंग में सम्पन्न हुआ। पूरा मंदिर परिसर हारे के सहारे की जय खाटूनरेश की जय लखदातार की जय जयकारों से गूंज रहा था। मंडल के प्रथम महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया एवम उपमंत्री अनिल नारनोली के नेतृत्व में विनोद कल्पना ठक्कर ने श्री श्याम मंदिर में विराजमान खाटूनरेश रिद्धि सिद्धि शिव परिवार बजरंगबली लड्डू गोपाल शालिग्रामजी गरुडजी व गुरुजनों को भंडारे का प्रसाद अर्पित किया। सोमवार को जन्माष्टमी महोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया जायेगा। कोलकाता बेंगलुरु से मंगाये जा रहे दस हजार से ज्यादा इंपोर्टेड फूलों से बाबा श्याम का भव्य दरबार सजाया जायेगा। मुख्य मंड बाबा श्याम के साथ-साथ बालाजी महाराज एवं श्यामेश्वर महादेव का भी अनुपम श्रंगार किया जाएगा। यह जानकारी मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू ने दी।

### सीसीएल में प्रशिक्षण का समापन

**रांची।** सीसीएल के सतर्कता विभाग ने मानव संसाधन विकास विभाग के सहयोग से आईटी पहल पर प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण पर 21 से 23 अगस्त, 2024 तक प्रशिक्षण का आयोजन किया। सीसीएल के मानव संसाधन विकास विभाग में आयोजित इस प्रशिक्षण में 37 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस अवसर पर सीसीएल के मुख्य सतर्कता अधिकारी पंकज कुमार ने भी संबोधित किया। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को गुड्स प्रोक्योरमेंट, सीसीटीवी सर्विलांस सिस्टम, वेब्रिज (एनालॉग और डिजिटल), कमांड कंट्रोल सिस्टम, रेलवे साइडिंग के लिए अभिनव प्रणाली आदि विषयों को शामिल किया गया। प्रतिभागियों को रेलटेल और सीपी-प्लस के उद्योग विशेषज्ञों द्वारा स्पेक्ट्रम के कार्यों के बारे में विस्तार से साझा किया गया।

### डीपीएस में कॉमर्स फेस्टिवल का आयोजन

**रांची।** दिल्ली पब्लिक स्कूल ने एक उल्लेखनीय कॉमर्स फेस्टिवल -बिजगाला- एलिवेट, इन्नोवेट एंड डोमिनेट का आयोजन किया गया। शनिवार को आयोजित इस उत्सव के 08 नवीन और दिलचस्प प्रतियोगिताओं में 18 विद्यालयों के लगभग 500 प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पेट्रोलियम रिफाइनरीज एसोसिएशन ऑफ इंडिया (पीआरएआई) के महासचिव और झारखंड स्मॉल इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (जेएसआईए) के अध्यक्ष फिलिप मैथ्यू एवं आईसीएआई, रांची शाखा की अध्यक्ष सीए श्रद्धा बागला विशिष्ट अतिथि थी। इस प्रतियोगिता में दिल्ली पब्लिक स्कूल (राँची) को प्रथम स्थान एवं दिल्ली पब्लिक स्कूल (बोकारो) और डीएवी हजारीबाग रनर अप रहा।

### बीआइटी के विद्यार्थियों ने पेश किये मॉडल

**रांची।** बिरला प्रौद्योगिकी संस्थान (बीआईटी) मेसरा के पर्यावरण संरक्षण और जागरुकता क्लब ने शनिवार को जेएसईएफ 24 का आयोजन किया। डीन डॉ भास्कर कर्ण और सिविल विभाग की सहायक प्रोफेसर डॉ नीता कुमारी ने पर्यावरण संरक्षण की आवश्यकता एवं आयोजन के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की शुरूआत प्रतिभागियों की एक टीम के वाद-विवाद प्रतियोगिता में भाग लेने से हुई। बोकारो और रांची के विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण पर केंद्रित नवीन मॉडलों का प्रदर्शन किया। पर्यावरणीय मुद्दों के लिये व्यावहारिक समाधान दिखाने के प्रयास में छात्रों ने ऐसे मॉडल प्रदर्शित किये। वायरलेस पावर ट्रांसमिशन मॉडल में भौतिक कनेक्शन के बिना बिजली संचारित करने की क्षमता प्रदर्शित की गई। हाइड्रोपोनिक खेती मॉडल में टिकाऊ खेती पद्धति प्रदर्शित की गई। मॉडलों का मूल्यांकन सिविल विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ कीर्ति अभिषेक और सिविल विभाग की सहायक प्रोफेसर डॉ नीता कुमारी ने किया।

### रांची रेलमंडल में चैंबर की ओर से बतौर डीआरयूसीसी प्रतिनिधि बने संजय अखौरी

**रांची।** फेड्रेशन ऑफ झारखण्ड चैंबर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्रीज के द्वारा चैंबर के कार्यकारिणी सदस्य संजय अखौरी को रांची रेल मंडल में बतौर डीआरयूसीसी सदस्य मनोनित किया है। डीआरयूसीसी में संजय अखौरी का यह कार्यकाल दो साल का होगा। संजय अखौरी के मनोनयन पर चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने कहा कि चैंबर द्वारा पूर्व की भांति आगे भी रांची रेल मंडल में यात्री रेल सुविधा में विस्तार के लिए हरसंभव प्रयासों को गति दी जायेगी। चैंबर महासचिव परेश गट्टानी ने कहा कि डीआरयूसीसी की बैठकों के माध्यम से चैंबर द्वारा यात्री सुविधा से जुडी प्रत्येक समस्याओं पर कार्रवाई सुनिश्चित की जाती रही है। रांची रेल मंडल के अधीन स्टेशनों पर यात्री सुविधा से जुडे सुझावों को उन्होंने व्यापार एवं उद्योग जगत से चैंबर के डीआरयूसीसी प्रतिनिधि के संज्ञान में लाने की अपील की।

